POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 16.08.2022

#स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देशन में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 से महिला पुलिसकर्मियों की 04 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

महिला आरक्षी निशा को प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा अन्य 04 महिला आरक्षियों को उच्च स्थान प्राप्त करने पर अपर पुलिस उपायुक्त, महिला एवं बाल सुरक्षा सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा पुरस्कृत/सम्मानित किया गया।

स्वतन्त्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देशन में पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 से महिला पुलिसकर्मियों की 04 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अपर पुलिस उपायुक्त, महिला एवं बाल सुरक्षा सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा किया गया जिसमें विभिन्न थाना, महिला सुरक्षा इकाई व कार्यालयों में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त मैराथन दौड़ प्रतियोगिता पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 से प्रारम्भ होकर 04 किलोमीटर पूर्ण होने पर सेक्टर-108 पुलिस आयुक्त कार्यालय पर समाप्त हुयी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महिला आरक्षी निशा, थाना- फेस-3, द्वितीय स्थान पर महिला आरक्षी कंचन, थाना सै0-39, तृतीय स्थान पर महिला आरक्षी सुदेश, थाना सै0-20, चतुर्थ स्थान पर महिला आरक्षी साधना, रिजर्व पुलिस लाईन एवं पंचम स्थान पर महिला आरक्षी अक्षिता, यातायात रही जिनको अपर पुलिस उपायुक्त, महिला एवं बाल सुरक्षा सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा पुरस्कृत/सम्मानित किया गया। मैराथन दौड के उपरान्त सूक्ष्म जलपान कराने के पश्चात महिला पुलिसकर्मियों की 04 कि0मी0 हाफ मैराथन दौड का समापन किया गया।

उपस्थित सभी पुलिस अधिकारीगण द्वारा सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढाया गया एवं उनको भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते रहने के लिए प्रेरित करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

 # आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में कश्मिनरेट गौतमबुद्धनगर के नोएडा जोन, सेन्ट्रल नोएडा व ग्रेटर नोएडा जोन के अन्तर्गत थानों में पुलिस अधिकारीगणों/पुलिसकर्मियों द्वारा राष्ट्रध्वज के साथ रूट मार्च किया गया।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मनाये जा रहे आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देशन में दिनांक 16/08/2022 को कश्मिनरेट गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा जोन में ज्वांइट पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्री लवकुमार द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा के साथ परी चौक थाना बीटा 2 क्षेत्रान्तर्गत व नोएडा जोन में अपर पुलिस उपायुक्त के नेतृत्व में एसीपी द्वितीय नोएडा /थाना फेस 1 पुलिस बल के साथ थाना फेस 1 क्षेत्रान्तर्गत व सेन्ट्रल नोएडा में एसीपी तृतीय के नेतृत्व में थाना सूरजपुर पुलिस बल के साथ थाना सूरजपुर क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रध्वज के साथ रूट मार्च किया गया। पुलिस कर्मियों द्वारा नागरिकों को आगे आकर आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया और सभी लोगों को आपसी भाईचारा बनाये रखने व मिलजुल के रहने का संदेश दिया गया जिससे देश की शांति व आपसी सौहार्द बना रहे। पुलिस अधिकारियों /पुलिस बल एवं आमजन के द्वारा बडे हर्षोउल्लास के साथ देशभक्ति के गीतों गुनगुनातें हुये फ्लैग मार्च किया गया। सम्पूर्ण राष्ट्र में लोगों द्वारा आजादी का अमृत-महोत्सव कार्यक्रम शांतिपूर्व व सुरक्षित तरीके से मनाया जा रहा है।

1-थाना जेवर पुलिस द्वारा 01 मोटर साईकिल चोर गिरफ्तार, कब्जे से 01 चोरी की मोटर साईकिल बरामद।

दिनांक 15/08/2022 की रात्रि को थाना जेवर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त चाँद पुत्र अब्दुल रसीद नि0 मौहल्ला खत्तीवान कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को चौरोली रोड अण्डर पास से यमुना एक्सप्रेस वे जेवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 मोटर साईकिल स्पलेण्डर चोरी की बरामद हुई है । जिस पर अभियुक्त द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट यूपी 13 वाई 2305 लगायी हुई है मोटर साईकिल का सही नम्बर यूपी 15 एवी 3114 है। अभियुक्त द्वारा उक्त मोटर साईकिल थाना नौचन्दी जनपद मेरठ से चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में थाना नौचन्दी जनपद मेरठ में अभियोग पंजीकृत है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

चाँद पुत्र अब्दुल रसीद नि0 मौहल्ला खत्तीवान कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

1.मु0अ0सं0 303/2022 धारा 411/414/482 भादवि थाना जेवर गौतमबुद्धनगर

2.मु0अ0सं0 105/2014 धारा 379 भादवि थाना नौचन्दी जनपद मेरठ

बरामदगी का विवरण-

01 चोरी की मोटर साईकिल स्पलैण्डर नम्बर यूपी 15 एवी 3114